अध्याय 01

अपठित गद्यांश

अपठित गद्यांश का अर्थ

गद्य का ऐसा अंश, जिसका पहले अध्ययन नहीं किया गया हो, अपठित गद्यांश कहलाता है। प्रायः अपठित गद्यांश का उद्देश्य किसी विषय को समझना, भाषा और शैली के बीच के संबंधों को खोजना तथा विद्यार्थियों की अवबोध क्षमता को पहचान होता है। अपठित गद्यांश के अंतर्गत विद्यार्थियों को गद्यांश के भावार्थ (मूल भाव) को समझकर उसका सामान्यतापूर्वक, गंभीरता व गहनता से अध्ययन करना अत्यंत आवश्यक है।

अपठित गद्यांश को हल करने के चरणबद्ध तरीके

- सर्वप्रथम दिए गए अपठित गद्यांश को दो-तीन बार ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके मूल भाव भली-भाँति समझना चाहिए।
- गद्यांश में दी गई महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को रेखांकित करते रहना चाहिए। इससे प्रश्नों को हल करने में आसानी होती है।
- भाषिक संरचना एवं व्याकरण संबंधी प्रश्नों के लिए गद्यांश में दिए गए कठिन शब्द, मुहावरों आदि को रेखांकित करना चाहिए।
- शीर्षक संबंधी प्रश्न पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा पूरे गद्यांश को पढ़ने व समझने के पश्चात् ही उसका उत्तर तर्क सहित लिखना चाहिए। अन्य प्रश्नों को भी ध्यानपूर्वक पढ़ने व समझने के पश्चात् ही उसका उत्तर लिखना प्रारंभ करना चाहिए।

अपठित गद्यांश के प्रश्नों को हल करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

- गद्यांश के भावार्थ (मूल भाव) को उचित प्रकार से समझना चाहिए तथा प्रश्नों के उत्तर गद्यांश में ही ढूँढने चाहिए।
- गद्यांश में सूचनाओं के माध्यम से जिस बात का वर्णन किया जाता है, उन सूचनाओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
- शीर्षक के चयन के दौरान इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि वह गद्यांश के मूल भाव को पूर्णतः प्रकट करता हो।
- शीर्षक का चयन करते समय प्रथम या अंतिम पंक्ति पर विशेष ध्यान देना चाहिए, लेकिन उसी के आधार पर अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाल लेना चाहिए।
- लेखक के विचार को ध्यान में रखकर ही अपने उत्तरों का चयन करना चाहिए।
- प्रत्येक प्रश्न का उत्तर गद्यांश के अनुरूप ही होना चाहिए। गद्यांश में मिलते-जुलते भावों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

अपठित गद्यांश के प्रकार

अपठित गद्यांश निम्न प्रकार के होते हैं

विचारात्मक गद्यांश

इस गद्यांश लेखक के विचारों, मतों या तर्कों को प्रस्तुत करता है। इसका उद्देश्य पाठक को विभिन्न दृष्टिकोणों का समझना, उनका विश्लेषण करने और [illegible] तक पहुँचने में सक्षम [illegible]

तथ्यात्मक/प्रकरण-आधारित गद्यांश

[illegible] किसी विशेष विषय से [illegible] सूचनाओं को सरल [illegible] प्रस्तुत करता है। [illegible] पाठक को तथ्यों [illegible] मुख्य बिंदुओं को [illegible] करने की [illegible] करता है।